Patrika (Indore), 14th November 2019, Patrika Plus, Page-13

ACHIEVEMENT...

# इंटरनेशनल साइबर सिक्योरिटी स्पर्धा में आइआइटी इंदौर की टीम बनी विजेता

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



इंदौर ◆ आइआइटी इंदौर के कम्प्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स ने आइआइटी कानपुर में हुई अंतरराष्ट्रीय साइबर सिक्योरिटी कॉम्पीटिशन में फर्स्ट पोजिशन हासिल की है।

न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी ऑफ साइबर सिक्योरिटी द्वारा आयोजित साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस वीक के तहत यह कॉम्पिटिशन हुई थी। इसमें 45 टीमों ने हिस्सा लिया। 36 घंटे तक चले फाइनल राउंड में स्टूडेंट्स ने वेब एक्सप्लॉइटेशन, बाइनरी एक्सप्लॉइटेशन, क्रिप्टोग्राफी और रिवर्स इंजीनियरिंग की प्रॉब्लम्स के सॉल्यूशन तलाशे। यह दुनियाभर के कॉलेजों के बीच होने वाली सबसे प्रमुख साइबर कॉम्पीटिशन है, जिसका उद्देश्य स्टूडेंट्स को साइबर क्राइम के प्रति अवेयर करना है। इस बार कॉम्पीटिशन के 6 ग्लोबल होस्ट थे और 9 अलग-अलग लेवल की कॉम्पीटिशन हुई। इसमें स्टूडेंट्स ने मशीनों की बारीकियों को समझा और उन्हें साइबर हमलों से बचाने पर काम किया। इंदौर आइआइटी के डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा, इस तरह की कॉम्पीटिशन में विनर बनने से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है जागरूकता पैदा करना। आइआइटी इंदौर के स्टूडेंट्स ने इसमें फर्स्ट पोजिशन हासिल करके पूरी दुनिया में संस्थान का नाम ऊंचा किया है। गौरतलब है कि पिछले साल इस कॉम्पीटिशन में आइआइटी इंदौर की टीम ने सेकंड पोजिशन हासिल की थी।